53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:00 | वर्ष: 53/अंक : 225 | शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2082 | कुल पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रुपये



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

15th August HAPPY INDEPENDENCE DAY

वर्षः 53/अंक : 225 शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-2 मूल्य 3 रुपये

### पाठकों के लिए सूचना

बुलेटिन के समस्त सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आपका प्रिय दैनिक समाचार पत्र 12 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 12 पृष्ठ लेना न भूलें। इसके अलावा 15 अगस्त को बुलेटिन प्रेस में अवकाश रहेगा, जिस कारण आपका प्रिय समाचार पत्र 17 अगस्त की सुबह पुनः आपकी चाय पर प्राप्त होगा।

**सम्पादक**

# नहीं भूल पाये देश के विभाजन का गम, रेलवे स्टेशन पर तस्वीरें देख कर आंखें हुई नम

**रेलवे स्टेशन पर देश के बंटवारे के दृश्य देख लोगों की आंखे हुई नम ▶▶ वर्ष 1947 में हुए विभाजन के दृश्यों द्वारा समझाया कि कैसे हमने अपने ही देश में खोया था सबकुछ**



**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु)।** देश को आजाद हुए 78 बर्ष पूर्ण हो गये हैं लेकिन आज भी विभाजन का गम कम नहीं हो सका। पूरानी तस्वीरें पूरानी यादें दिखा कर एक और घर के बुजुर्ग विभाजन की यादें ताजा कराते रहते हैं और उनकी बातें सुनकर सचममुच आंखें नम हो जाती हैं। ऐसी ही यादें मुजफ्फरनगर रेलवे प्रशासन ने उस समय ताजा कर दी, जब बुलेटिन संवाददाता ने रेलवे स्टेशन पर आम जन को कुछ तस्वीरें देखते हुए देखा। भीड़ देखकर बुलेटिन संवाददाता भी उत्साहित हुए और तस्वीरों की तरफ गये तो वास्तव में विभाजन की यादें ताजा हो गयी। कहीं विभाजन के समय का वो दृश्य तस्वीरों के माध्यम से दीवारों पर चिपका था, जिसमें ट्रेन के ऊपर एक दूसरे के सिर पर बैठकर लोग उस समय के भारत (हाल के पाकिस्तान) से वर्तमान के भारत की ओर लौट रहे थे। अपने जीवनभर की सारी कमाई वहीं छोड़कर, जो जिसके हाथ लगा, वह बस वहीं हाथों में लेकर वर्तमान भारत की ओर आने के लिए ट्रेनों में दौड़ पड़ा। रेलवे स्टेशन पर लगी तस्वीरों ने जहां एक ओर विभाजन की याद दिलाई, वहीं समाचार-पत्रों की खबरों ने यह भी याद दिलाई कि किस तरह से हिन्दू महिलाओं को मुस्लिम उठाकर ले गये थे। इसके अलावा सिर्फ ट्रेनों ही नहीं आपाधापी के चलते शिपों के माध्यम से भी लोगों ने भारत की ओर कूच किया। रेलवे स्टेशन पर खड़े बुजुर्गों ने अपने दर्द सााा करते हुए बताया कि नौजवानों तुम्हें क्या पता कि यह आजादी कितनी मुश्किल से मिली थी। हजारों हिन्दू काटकर ट्रेनों में भरकर भारत भेजे गये थे और वहां रह रहे हिन्दुओं से ऐसे-ऐसे दुर्व्यवहार महिलाओं व बच्चों के साथ किये गये थे, जो आज की युवा पीढ़ी की सोच से भी परे है। कहीं तलवारों से कटी गर्दनें, तो कहीं एक हाथ, एक पैर काटकर भेजी गयी लाशें उक्त दृश्यों को आज भी याद करके मन सिहर उठता है। रेलवे स्टेशन पर मौजूद बुजुर्गों ने कहा कि आज की युवा को मिली इस आजादी की गरिमा व अखण्डता को समाना होगा, ये किसी से यूं ही नहीं मिली है, इसकी महत्ता व राष्ट के प्रति अपने कृतव्य को समाते हुए हमें हर हाल में देशहित में एकजुट रहना होगा, ताकि फिर से हमारी आजादी पर कोई संकट ना आ सके।

## 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**▶▶ त्वरित न्याय मिलने से पीड़ितों में जगी न्याय के प्रति और अधिक आस**
**▶▶ मात्र तीन माह 19 दिन में ही दिलाई गयी आरोपी को सजा**


न्यायधीश अलका भारती

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** विशेष पोक्सो कोर्ट की न्यायधीश अलका भारती की कोर्ट में बच्ची के परिजनों को त्वरित न्याय मिलने के बाद कोर्ट परिसर सहित सामाजिक लोगों में भी इस बात की प्रशंसा हुई कि लम्बे समय के बाद पीड़ित परिवार को मात्र तीन माह उन्नीस दिन में ही न्याय मिल गया। आपको बता दें कि 2 जनवरी 2025 को असम के रहने वाले परिवार की छह साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने स्टाफ क्वार्टर में रहने वाला आरोपी मानवीर उर्फ इमानवील उर्फ शैम्अुल पुत्र आदम निवासी गांव केठलपुरी, जिला नौगांव, असम अपने कमरे में ले गया था। आरोप था कि बच्ची के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया, विरोध करने पर आरोपी ने बच्ची की मुंह दबाकर निर्मम हत्या कर दी थी तथा बच्ची के शव को अपने कमरे में कम्बल में लपेटकर मौके से फरार हो गया था। बच्ची के माता-पिता जब काम से वापस लौटे और बच्ची की तलाश की तो वह कहीं नहीं मिली। इसकी सूचना जब परिजनों ने पुलिस को दी तो तत्कालीन मंसूरपुर थाना क्षेत्र के प्रभारी उमेश रोरिया स्वयं घटनास्थल बेगराजपुर पहुंचे और बच्ची के शव को एक कमरे से दरवाजा तोड़कर बरामद किया। इसी के साथ-साथ चंद घंटों में पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। गुरूवार को एडीजीसी विक्रान्त राठी ने बताया कि इस मामले की सुनवाई पॉक्सो कोर्ट की न्यायधीश अलका भारती की कोर्ट में हुई, जहां त्वरित न्याय देते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गयी तथा 90500 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

### न्यायधीश ने दिया आदेश, अंतिम सांस तक जेल में रहे दुष्कर्मी

**मुजफ्फरनगर।** त्वरित न्याय देने के साथ-साथ न्यायधीश ने अपना फैसला सुनाते समय दुष्कर्म करने वाले लोगों को सबक देने के लिए अपने फैसले में यह भी लिखा कि आरोपी मानवीर उर्फ इमानवील उर्फ शैम्अुल पुत्र आदम को जीवन की अंतिम सांस तक जेल में ही रखा जाए। इस फैसले को लिखने का मतलब यह स्पष्ट था कि ऐसे लोगों को सबक सिखाना जो मासूम बच्चियों को भी अपनी दरिंदगी का शिकार बनाते हैं। वास्तव में यदि हमारे देश के अंदर इसी तरह त्वरित न्याय मिलने लगे तो इस देश से गुनाह होने तो कम हो ही जाएंगे, साथ ही साथ मासूम बच्चियों की तरफ कोई दुष्कर्मी नजर भरकर भी नहीं देख सकेगा। मात्र 3 महीने 19 दिन में मिले इस न्याय ने हमारे देश के लिए एक नई मिसाल कायम की है, जिसका संदेश वास्तव में पूरे देश की न्याय पालिकाओं में जाएगा।

## धरी रह गई थी सोने की गिन्नियां, बड़े-बड़े महल और रुपया-पैसा




**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु)।** रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनी निहार रहे बुजुर्ग लोगों ने बताया कि जिस पैसे का आज तुम फिर से गुमान कर रहे हो, ऐसा ही गुमान 1947 से पहले उन लोगों को भी था, जिनके पास सोने की सैकड़ों गिन्नियां थी और गिन्नियां ही नहीं, बड़ी-बड़ी रियासतों के मालिक स्वयं हिन्दू थे। मगर इसी गुमान ने यह नहीं देखा कि आखिर देश में साम्प्रदायिकता का जहर कब जिन्ना जैसे लोगों ने घोल डाला। जैसे आज की दुनिया में हम अपने स्टेटस सिम्बल महंगे मोबाइल, महंगी गाड़ियों को ही समा बैठे हैं और समाज के नाम पर चंद लोग ही खड़े होते हैं। ठीक इसी तरह उस समय भी लोगों को अपनी बड़े-बड़े ताजमहल जैसे महलों, जमीन में गड़ी सोने की गिन्नियों, सोने के जेवरातों पर गुरूर हुआ करता था। बुजुर्ग बताते हैं कि एक भेड़ चराने वाला गड़रिया भी एक-एक हजार भेड़-बकरियों का मालिक हुआ करता था और इसी से उसकी हैसियत मापी जाती थी कि कौन कितनी जमीन का, कौन कितनी सोने की गिन्नियों का और कौन कितनी भेड़-बकरियो का मालिक है। मगर सभी बुजुर्गों का एक ही कहना कि देश की चिंता नहीं कर पाये तो सबकुछ धरा का धरा रह गया। ना मकान उठाकर ला पाये, ना सोने की गिन्नियां और ना ही भेड़-बकरियां। आनन-फानन में जान बच गई और भाग खड़ो हुए। ट्रेनों, शिपों व यहां तक कि घोड़-तांगे के जरिये भारत की ओर दौड़ पड़े और यहां आकर किस-किस तरह से सड़कों पर सब्जिया, कपड़े, खिलौने, मिट्टी के बर्तन इत्यादि बेचकर कभी 100 ग्राम दाल से घर के 12 लोगों ने गुजारा किया, तो कभी आधा किलो आटे से एक दर्जन परिवार के लोगों ने आधी-आधी रोटियां बांटकर खाई। बुजुर्गों की ऐसी बातें सुनकर वास्तव में आंखे नम हो गयी और सीखने को मिला कि देश और समाज की सुरक्षा से बढ़कर सोना-चांदी, मोबाइल-गाड़ी भी नहीं है। इसलिये आप कितने भी अमीर हो जाओ, सर्वप्रथम देश व समाज की सुरक्षा का ध्यान अवश्य रखो।


संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## उत्तराखंड में अवैध धर्मांतरण वालों की खैर नहीं, उम्रकैद की सजा के साथ कुर्क होंगी आरोपियों की संपत्तियां

**कुछ दिन पहले अवैध धर्मांतरण का मिला था मामला, मुजफ्फरनगर से निकला था अपराधी का क्नेक्शन**

**देहरादून, 14 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता कानून को और सख्त बनाने के लिए कैबिनेट ने कई प्रावधानों में संशोधन की मंजूरी दे दी है। सोशल मीडिया व अन्य डिजिटल तरीकों का धर्म परिवर्तन में इस्तेमाल करना भी अब इस कानून के दायरे में आ गया है। अब इस कानून में अधिकतम सजा 10 साल को बढ़ाकर 14 साल व आजीवन कारावास तक कर दिया गया है। जुर्माने की राशि भी 50 हजार रुपये से बढ़ाकर अधिकतम 10 लाख रुपये की गई है। इसके अलावा धर्म परिवर्तन का अपराध कर कमाई गई अपराधियों की संपत्तियों को भी कुर्क करने के अधिकार जिलाधिकारी को दिए गए हैं। उत्तराखंड धर्म स्वतंत्रता अधिनियम में संशोधन कर सभी अपराध संज्ञेय और गैर जमानती का प्रावधान किया गया। इनका विचारण सत्र न्यायालय में किया जाएगा। संशोधन के अनुसार कोई धर्म परिवर्तन करने के लिए किसी व्यक्ति को जीवन या संपत्ति के लिए भय में डालता है तो उसे कम से कम 20 वर्ष की सजा होगी। इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद उसे जीवन पर्यंत जेल में रहना होगा। इसमें धर्म परिवर्तन के लिए हमला करने, बल प्रयोग करने, विवाह या विवाह का वचन देना भी शामिल होगा। इसके अलावा किसी नाबालिग या व्यक्ति की तस्करी करना और बेचना भी इसी सजा के दायरे में आएगा। इस कानून में इससे पहले वर्ष 2022 में संशोधन किया गया था। जबरन और प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने वालों को अधिकतम 10 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया था। इस कानून के तहत भी प्रदेशभर में तमाम कार्रवाई हुई और बहुत से लोगों पर शिकंजा कसा गया। वर्तमान में सोशल मीडिया का बढ़ता चलन भी चिंता का सबब बना हुआ था। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह ने सोशल मीडिया को ही इस काम के लिए हथियार बनाया। राजधानी देहरादून में भी गिरोह ने दो युवतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया।

## लगभग 8 माह बाद पूर्व विधायक शाहनवाज राना को मिली जमानत



**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** आपको बता दें कि गैंगस्टर के मामले में लगभग आठ माह से पूर्व विधायक शाहनवाज राना चित्रकूट जेल में बंद हैं। 5 दिसम्बर 2024 को वहलना चौक स्थित कादिर राना की फैक्ट्री में सेंट्रल जीएसटी टीम ने छापामारी की थी। इस दौरान टीम पर हमला किया गया था, जिसमें कादिर राना की पुत्रियों सहित स्वयं शाहनवाज राना को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य सभी को जमानत पर रिहा कर दिया गया था मगर 5 दिसम्बर से ही शाहनवाज राना जेल में बंद हैं। आपको बता दें कि शाहनवाज राना को हमले के मामले में तो जमानत मिल गयी थी मगर थाना सिविल लाइन पुलिस ने उक्त मामले में शाहनवाज पर गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसी के चलते शाहनवाज राना को अभी तक जमानत नहीं मिली थी। गुरूवार को उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिली है। वर्तमान में पूर्व विधायक चित्रकूट जेल में बंद हैं। अब जल्द ही उनकी रिहाई होने की सम्भावना है।






53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्षः 53/अंक : 225 शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-3 मूल्य 3 रुपये












# बाइकों की भीषण भिड़ंत में दो की मौत, दो गंभीर घायल



**भोपा, 14 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गंग नहर पटरी कांवड़ मार्ग पर बुधवार देर रात दो बाईकों की भीषण भिड़ंत में बाईक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरी बाइक पर सवार अन्य युवक ने उपचार के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल दो युवकों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। भोपा पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। युवकों की मौत की सूचना से परिजनों में हाहाकार मच गया है। मुजफ्फरनगर के मौहल्ला शिवपुरी निवासी संचित शर्मा पुत्र स्व. संजीव शर्मा 32 वर्ष बुधवार देर शाम बाइक पर सवार होकर भोपा निवासी अपने रिश्तेदारों के पास आया था। देर रात वह सिखेड़ा थानाक्षेत्र के गांव भंडूर में अपनी बहन छवि की ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह गंग नहर कांवड़ मार्ग पर तिस्सा राजवाहे के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही बाइक से उसकी बाइक की भीषण भिड़ंत हो गई, जिससे संचित शर्मा उर्फ सन्नू और दूसरी बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रहे अश्वनी पुत्र राजेश निवासी खेड़ी कुरैश खतौली, दीपक पुत्र राजपाल निवासी शेखपुरा खतौली और राजन पुत्र मुकेश निवासी खंजापुर खतौली गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची भोपा पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने संचित शर्मा को मृत घोषित कर दिया, वहीं राजन, अश्वनी और दीपक को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान राजन पुत्र मुकेश 31 वर्ष की भी दर्दनाक मौत हो गई। भोपा पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। संचित की असमय मौत से माता रेखा शर्मा, भाई मयंक शर्मा और बहनों छवि और सुहानी और दूसरी और राजन की मौत से पत्नी खुशी, पिता मुकेश, माता बिन्नी देवी, भाई राहुल बहन रजनी और रवीना का रो रोकर बुरा हाल है।

# बदमाशों ने छात्र को गोली मारी

**शाहपुर, 14 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के गांव बरवाला में कार में आये बदमाशों ने घर में छात्र को गोली मारकर घायल कर दिया। हमलावर आसानी से गांव के बाहर खड़ी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने गांव में पहुंचकर मुख्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज लेने के साथ गोलीकांड की जांच शुरू कर दी। शाहपुर के गांव बरवाला में जितेंद्र सिंह पुत्र हिमांशु मुजफ्फरनगर के एक कॉलेज में एमएससी का छात्र है। उनका मकान गांव के पश्चिम दिशा में बाहरी छोर में है। बुधवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे सफेद रंग की कार गांव के बाहर खड़ी हुई, जिसमें से तीन बदमाश पैदल जितेंद्र के घर पहुंचे, जिनमें से एक बाहर सड़क पर रहकर, जबकि दो गली के अंदर मकान पर गए, जहां उन्होंने बैठी जितेंद्र को माता ईश्वरी से पूछा कि हिमांशु है क्या, ईश्वरी के हां कहने पर उन्होंने हिमांशु को बाहर बुलवाने को कहा, जिस पर ईश्वरी ने अंदर आने को कहा, तो युवकों ने हिमांशु के दोस्त का नाम लेकर बाहर ही बुलवाया। जैसे ही हिमांशु घर के अंदर से निकलकर आया, तो हिमांशु की दादी ईश्वरी व माता मंजू की नजर घर के दरवाजे पर खड़े बदमाशों पर पड़ी, तो दोनो ने अपने हाथों में हथियार निकाल रखे थे। हिमांशु की माता व दादी दोनों जोर चिल्ला पड़ी और हिमांशु को वापस भागने को कहा। जैसे ही हिमांशु भागा, तो दोनों बदमाशों ने सीधी फायरिंग की, जिससे हिमांशु के पैर में गोली लग गयी। गोली मारकर बदमाश गांव के बाहर लगभग 100 मीटर दूर खड़ी कार तक आराम से आये और बैठकर फरार हो गए। हिमांशु को गोली लगने से घायल होने की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर थानाध्यक्ष मोहित चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल हिमांशु को उपचार हेतु भेज दिया। हिमांशु का मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज बेगराजपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ली तथा गोलीकांड की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष मोहित चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## दादी और मां की सतर्कता से बच गयी हिमांशु की जान

**शाहपुर, 14 अगस्त (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के गांव बरवाला में हिमांशु को गोली मारने आए बदमाशों पर दादी ईश्वरी व माता अंजू की निगाह सतर्कता से ना होती, तो हिमांशु को बदमाश गोलियों से भून देते। जैसे ही दादी ईश्वरी व मंजू की नजर बदमाशों की हरकत पर पड़ी, तो दोनों एक साथ चिल्ला पड़ी, जिससे हिमांशु सतर्क होकर वापस भाग गया और भागते हुए उसके पैर में गोली लगी।






53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्षः 53/अंक : 225 शुक्रवार, 15 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-5 मूल्य 3 रुपये






## नीव इंटरनेशनल स्कूल, अंसारी रोड एवं लिटिल मैनर स्कूल, नई मंडी में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** नीव इंटरनेशनल स्कूल, अंसारी रोड तथा लिटिल मैनर स्कूल, नई मंडी में जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हें-मुझे बच्चे राधा और कृष्ण की वेशभूषा में सज-धज कर आए, जिससे पूरा बातावरण कृष्णमय हो उठा। विद्यालय में बच्चों को श्रीकृष्ण के जीवन की प्रमुख घटनाओं से परिचित कराने के लिए आकर्षक झांकियों सजाई गई। इन झांकियों के माध्यम से जन्म से लेकर गोकुलवास, माखन चोरी, सुदामा संग मित्रता और महाभारत में अर्जुन को गीता का उपदेश देने जैसे प्रसंग जीवंत हो उठे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि श्रीकृष्ण को माखन अत्यंत प्रिय था और इसीलिए उन्हें "माखनचोर" भी कहा जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीकृष्ण केवल एक महान देवता ही नहीं, बल्कि एक सच्चे मित्र और श्रेष्ठ शिक्षक भी थे, जिन्होंने सुदामा की सहायता की और अर्जुन को धर्म, कर्म और भक्ति का अमूल्य ज्ञान दिया। बच्चों ने इस अवसर पर सुंदर-सुंदर मांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिनमें गीत, नृत्य और संवाद-अभिनय शामिल थे। विद्यालय परिसर भक्ति गीतों, बांसुरी की धुन और तालियों की गूंज से सराबोर हो गया। दोनों विद्यालयों के प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को दिया तथा सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएँ दीं।



## 'एक रक्तदान देश के नाम' स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में श्रीतुलसी धाम पार्क समिति और भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को मुजफ्फरनगर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी थीम थी 'एक रक्तदान देश के नाम'। इस देशभक्तिपूर्ण पहल ने क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह भरा। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ व नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने किया। इस दौरान शिविर में तुलसी धाम पार्क समिति के अध्यक्ष शिशु कांत गर्ग, सचिव सतीश अरोड़ा एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र नाथ अरोरा उपस्थित रहें, जबकि भारत सूर्योदय ट्रस्ट के अध्यक्ष सनी अग्रवाल, मुनेश सैनी, बृजेश सैनी सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य गण भी इस दौरान शिविर में उपस्थित रहे। तुलसी पार्क समिति के अध्यक्ष शिशुकांत गर्ग और भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष सनी अग्रवाल ने सभी के सहयोग और प्रयासों की सराहना की। वहीं बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि, "किसी की जान बचाने के लिए रक्त दान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक रक्तदान देश के नाम के बाद इतनी बारिश में इन रक्तवीरों का हौसला देखते ही बनता है। हमें इन सभी रक्तवीरों पर गर्व है। मैं सभी से इस महान कार्य में भाग लेने और जीवन बचाने के लिए आगे आने का आग्रह करता हूं।" पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि, "ये बहुत अच्छा प्रयास है, रक्तदान महादान है और हम इस दान को करने औरों की जिंदगी बचा सकते है, इससे बड़ा प्रयास कोई हो ही नहीं सकता। मैं अंकुर दुआ जी और शिविर के आयोजकों को इसके लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूं।" वहीं शिविर के आयोजक सर्वोदय ब्लड बैंक से अंशुल संगल ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रति अपनी देशभक्ति और सम्मान व्यक्त करना है। रक्तदान शिविर में काफी संख्या में बारिश के मौसम के चलते भी अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें लगभग सभी ने सफलतापूर्वक रक्तदान किया। शिविर में एकत्र किए गए रक्त को जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए ब्लड बैंक में भेजा गया। शिविर के सफल आयोजन के लिए आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में श्री तुलसी धाम पार्क समिति के अध्यक्ष शिशुकांत गर्ग, भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सनी अग्रवाल और अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, उन सभी का मैं धन्यवाद अदा करता हूं।










## नई मंडी पुलिस ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** न्यू मंडी पुलिस द्वारा 15 अगस्त से एक दिन पूर्व तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस ओर व्यापारियों ने संयुक्त रूप से भाग लेकर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा को एसपी सिटी सत्यवीर प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट पंकज राठौड़, सीओ न्यू मंडी राजू कुमार साव द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा के मुख्य आयोजक न्यू मंडी इंस्पेक्टर दिनेश चंद बघेल ओर उनकी पूरी टीम रही। व्यापारियों के द्वारा संयुक्त व्यापार संघर्ष समिति ओर व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल रजि. द्वारा तिरंगा यात्रा का पीठ बाजार, बिंदल बाजार, मीना बाजार आदि में जलपान की व्यवस्था कर ओर पुष्प वर्षा कर तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया। सभी सम्मानित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कृष्ण गोपाल मित्तल, शलभ गुप्ता, संजय मिश्रा, विजय बाटा, आदि द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। तिरंगा यात्रा न्यू मंडी थाने से प्राम्भ होकर नंदी स्वीट्स रोड से पीठ बाजार, बिंदल बाजार होते हुए वापिस न्यू मंडी थाने पर आकर समाप्त हुई। सभी को न्यू मंडी थाने के द्वारा तिरंगे भेट किये गये। न्यू मंडी के सभी इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक ओर समस्त थाने की फोर्स ने तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## माउंट लिट्रा जी स्कूल में अलंकरण समारोह सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** माउंट लिट्रा जी स्कूल का अलंकरण समारोह उत्साह, अनुशासन और गरिमा के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ, जिससे पूरे प्रांगण में ज्ञान और ऊर्जा का माहौल निर्मित हो गया। इस विशेष अवसर पर हेड बॉय में प्रसन्न, हेड गर्ल स्निग्धा, वाइस हेड बॉय आरव, वाइस हेड गर्ल ग्रेसी, स्पोर्ट्स कैप्टन जयंत, आशी चौधरी सहित चारों सदनों के कैप्टन और अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित छात्र नेताओं ने मंच से वचन दिया कि वे विद्यालय की प्रतिष्ठा को बनाए रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। विद्यालय निर्देशिका चारु भारद्वाज, संयुक्त निदेशक सुनंद सिंघल एवं डॉ. के.जी. अरोड़ा ने विजयी छात्रों को शुभाशीष और प्रेरक संदेश प्रदान करते हुए कहा कि एक सच्चा नेता वही है, जो स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करे और दूसरों को भी प्रेरित करे। अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस समारोह की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों के उत्साह को दोगुना कर दिया। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि यह नई छात्र परिषद विद्यालय की प्रगति और अनुशासन में स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगी।










## एमजी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल का प्रांगण बुधवार को भक्ति-भाव और उत्साह के रंगों में सराबोर रहा। विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कान्हा और राधा के रूप में सजे नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा और मंचीय लीलाओं से ऐसा माहौल बनाया कि पूरा विद्यालय वृंदावन के वैभव में ढल गया। मंच पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई श्री कृष्ण रासलीला, भक्ति गीतों और सजीव झांकियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एमजी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार को भगवान श्री कृष्ण की भक्ति, उनके जन्मोत्सव के उल्लास से परिपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने नन्हें राधा-कृष्ण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय में कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के रूप में सुसज्जित होकर मंच पर आए और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तथा बाल लीलाओं का सजीव चित्रण कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने कहा कि जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह हमें प्रेम, करुणा, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान कृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि कठिन से कठिन परिस्थिति में भी धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्या ने बताया कि जन्माष्टमी कार्यक्रम में कक्षा आठ के विद्यार्थियों ने अंतर-सदनीय बुलेटिन बोर्ड सजावट प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कला और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। हाउस मास्टर्स के मार्गदर्शन में प्रत्येक टीम ने भगवान श्री कृष्ण-हृदय के बाँसुरी वादक थीम पर अपने बोर्ड सजाए, जिनमें जटिल बॉर्डर डिजाइन, कलात्मक कृष्ण चित्रांकन और रचनात्मक रंग संयोजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## एमजी वर्ल्ड विजन में जन्माष्टमी की धूम, नृत्य और दही हांडी ने बढ़ाया उत्सव का रंग

मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बुस.)। एमजी वर्ल्ड विजन विद्यालय में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी उत्सव बड़े उत्साह और पारंपरिक अंदाज में मनाया गया। इस आयोजन में सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा 08 तक के छात्रों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां देकर मंच को जीवंत कर दिया, वहीं कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अद्भुत तालमेल और साहस का परिचय देते हुए मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकी हांडी फोड़कर कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने इस अवसर पर छात्रों की प्रतिभा, टीम भावना और सांस्कृतिक जुड़ाव की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की अकेडमिक कोऑर्डिनेटर मोनिका अग्रवाल, केजी कोऑर्डिनेटर शीतल गोयल और रश्मि रस्तोगी का विशेष योगदान रहा।
















## कार्यालय नगर पंचायत, चरथावल (मुजफ्फरनगर)

**राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2025, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर पंचायत चरथावल, मुजफ्फरनगर सभी नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए नगरवासियों से अपील करती है कि :-**

1. नगर पंचायत नगर को स्वच्छ रखने में पूरी तरह प्रयत्नशील है। कृपया नगर को साफ रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
2. खुले में शौच न करें। घर में शौचालय बनवायें ।
3. जल अमूल्य है, इसे व्यर्थ न बहने दें। टोंटियां खुली न रखें।
4. डेंगू, मलेरिया जैसे संक्रामक रोगों से बचाव हेतु छतों पर रखे बर्तनों एवं टायरों आदि में पानी इकट्ठा न होने दें।
5. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें।
6. पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग पूर्ण प्रतिबंधित है, इनका प्रयोग कदापि न करें। कपड़े के थैलों का प्रयोग करें।
7. सार्वजनिक स्थलों, मार्गों, सम्पत्तियों पर अतिक्रमण न करें और न दूसरों को करने दें।
8. नगर पंचायत चरथावल के सभी करों का भुगतान समय से करें ।
9. पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम में सहयोग दें और अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में अपने नगर को अधिक अंक दिलाने में नगर पंचायत चरथावल का सहयोग करें।
11. अपने घर का कूड़ा कूड़ेदान में इकट्ठा करें, नगर पंचायत कर्मियों के आने पर उसे कूड़े की गाड़ी में डालें।

निवेदक :- **नगर पंचायत चरथावल, जनपद-मुजफ्फरनगर**

(राजीव कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत, चरथावल
मुजफ्फरनगर

समस्त सदस्यगण
नगर पंचायत चरथावल
(मुजफ्फरनगर)

(इस्लामुद्दीन)
अध्यक्ष
नगर पंचायत, चरथावल,
(मुजफ्फरनगर)







सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
15 AUGUST
Happy Independence Day
HAPPY
Independence day
सीमा जैन
(सभासद)
विकल्प जैन
(पूर्व सभासद)
मीनाक्षी स्वरूप
(चेयरमैन)
गौरव स्वरूप
(वरिष्ठ भाजपा नेता)
नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर


15TH AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण जैन
संजीव जैन
राजेश जैन
राजीव जैन
अक्षय जैन
GARG DUPLEX & PAPER MILLS PVT. LTD.
Regd. Office & Works: 8.5 km. Bhopa Road, Muzaffarnagar-251001 (U.P.)
SILVERTON PULP & PAPERS PVT.LTD.
Regd. Office & Works: 9 km. Bhopa Road, Muzaffarnagar-251001 (U.P.)




# किशतवाड में बादल फटने से भीषण तबाही, 46 की मौत

**किशतवाड, 14 अगस्त (एजेंसी)।** जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में मचैल माता यात्रा मार्ग पर चिशौती में बादल फटने के कारण भारी तबाही हुई है। जानकारी के अनुसार, इस आपदा में 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, बाढ़ में कई लोगों के बहे जाने की आशंका है। यह आपदा मचैल माता मंदिर के रास्ते में गांव चसौती में दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच उस समय आई जब बड़ी संख्या में लोग मचैल माता यात्रा के लिए इकट्ठा हुए थे। वहाँ से मंदिर तक 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू होती है। अधिकारियों ने बताया कि कई शव बरामद किए गए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। चसौती 9,500 फीट की ऊँचाई पर स्थित है और किश्तवाड़ से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। किश्तवाड़ में आई बाढ़ पर पल-पल का अपडेट जानने के लिए जुड़े रहें। किश्तवाड़ में हुए त्रासदी को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर दुख जताया है। राष्ट्रपति ने लिखा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना में कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुःखद है। मैं शोकाकुल परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं और राहत तथा बचाव कार्य में सफलता की कामना करती हूं। इसके अलावा पीएम मोदी ने लिखा कि मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत कार्य जारी हैं। जरूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि किश्तवाड़ में बादल फटने से व्यथित हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। सिविल, पुलिस, सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ अधिकारियों को बचाव एवं राहत अभियान को और तेज करने और प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। किश्तवाड़ में बादल फटने की घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की और उन्हें लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुदूरवर्ती चशोती गांव में बादल फटने से कम से कम दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई तथा व्यापक क्षति हुई। शाह ने यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य चला रहा है तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। शाह ने ह्यएक्स' पर कहा कि किश्तवाड़ ज़िले में बादल फटने की घटना पर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य कर रहा है। एनडीआरएफ की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।




## प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष और सहायता डेस्क स्थापित किया

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने किश्तवाड़ के एक गांव में बादल फटने से आई अचानक बाढ़ के बाद लोगों और तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए गुरुवार को एक नियंत्रण कक्ष एवं सहायता डेस्क स्थापित किया। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम 46 लोग मारे गए हैं और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पद्दार में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो चशोती गांव से लगभग 15 किलोमीटर दूर है, जहां यह आपदा आई। नियंत्रण कक्ष के लिए पांच अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। लोग 985822312, 600670193, 979750407, 849288689, 8493801381 और 7006463710 पर संपर्क कर सकते हैं। इनके अलावा, जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 01995-259555 और 9484217492 हैं तथा किश्तवाड़ के पुलिस नियंत्रण कक्ष का नंबर 9906154100 है।

# चेयरपर्सन ने तिरंगा यात्रा के बूते जगाई देशभक्ति की अलख

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पालिका प्रशासन की ओर से गुरूवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा टाउनहाल परिसर से होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव चौक पर संपन्न हुई। नगरीय क्षेत्र में निकली तिरंगा यात्रा में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, वार्ड सभासद, अधिकारी व भाजपा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन भी शामिल हुए। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज ही नहीं, बल्कि हमारी स्वतंत्रता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर सभी अपने घरों पर तिरंगा अवश्य फहराएं और आने वाली पीढ़ी को इसके महत्व से परिचित कराएं। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा शहर के सभी 55 वार्डों में राष्ट्रीय ध्वज वार्ड सभासद के स्तर से आम लोगों को वितरित कराए गए हैं, ताकि वो अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर इनको शान से फहरा सकें। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों के कारण वातावरण राष्ट्रवाद की भावना से सराबोर कर दिया गया। इस बीच शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत कर तिरंगा यात्रा का अभिनंदन किया। इस आयोजन ने स्वतंत्रता दिवस के उत्साह को नई ऊर्जा के साथ गरिमा प्रदान की। इस दौरान मुख्य रूप से सभासद कुसुम लता पाल, ममता बालियान, बॉबी सिंह, मनोज वर्मा, अमित पटपटिया, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, मौ. खालिद, मौ. शहजाद, हसीब राणा, मनी पटपटिया के अलावा एनएसए डॉ. अजय प्रताप शाही, सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह, जेई जितेंद्र कुमार, लिपिक प्रवीण कुमार, मैनपाल सिंह, कैलाश नारायण, रूचि शर्मा, संजीव सिंघल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।




# विक्षिप्त किशोरी से जबरन दुष्कर्म

**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी को साथ ले जाकर ईंख के खेत में आरोपी द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। आपको बता दें कि गुरूवार की सुबह 17 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी के साथ अहसान नामक युवक ने उसे ईंख के खेत में बहला-फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया। जब परिजनों ने किशोरी की तलाश की तो वह बदहवास हालत में जंगल में मिली। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची, जहां परिजनों ने घटनाक्रम बताने के साथ साथ यह भी बताया कि उनका प्रयास रहता था कि बेटी को घर से बाहर न जाने दें। मगर कभी-कभी परिजनों को चकमा देकर उनकी बेटी घर से बाहर चली जाती थी। गुरूवार को भी ऐसा ही हुआ। फिलहाल नई मण्डी कोतवाली प्रभारी प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और आरोपी की तलाश में कई टीमें लगाई गयी है। जल्द ही आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में होगा।

# सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन की हुई सगाई

**मुंबई, 14 अगस्त (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की सगाई हो गई है। अर्जुन तेंदुलकर की सगाई सानिया चंडोक के साथ हुई है, जिनका संबंध एक बड़े औद्योगिक घराने से है। अर्जुन और सानिया की सगाई निजी समारोह में में हुई, जिसमें परिवार के सदस्यों और नजदीकी दोस्तों ने हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार सानिया चंडोक के पिता का नाम रवि घाई है और घई फैमिली मुंबई का एक बड़ा और मशहूर कारोबारी परिवार है। परिवार इंटरकॉन्टिनेंटल मरीन ड्राइव होटल और ब्रुकलिन क्रीमरी के मालिक हैं। जूनियर क्रिकेट के दिनों में मुंबई के लिए खेलने वाले लेफ्टी बॉलर-कम-ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने रणजी स्तर पर कुछ समय मुंबई के साथ गुजारन के बाद गोवा का रुख कर लिया और अभी तक वह 17 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके है। इन मैचों में अर्जुन ने 37 विकेट चटकाए हैं। अर्जुन ने पारी में 4 विकेट दो बार, तो एक बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं, वह निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।







आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
मौ0 अकरम
चेयरमैन, नगर पंचायत, शाहपुर

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

# मूक प्राणियों को केवल करुणा चाहिए

भारतीय संस्कृति का मूल करुणा है, कठोरता नहीं है। भारत की विभिन्न मान्यताओं में भी करुणा को मूल्य दिया गया है। भगवान महावीर का वचन है 'जियो और जीने दो'। जैन मुनि जहाँ विराजते हैं, वहाँ अपनी पिच्छी जो उनके पास रहती है, से सूक्ष्म जीवों को भी करुणा वश बचाते हैं। सनातन धर्म जीवों के प्रति दया-भावना रखता है। पृथ्वी पर मनुष्यता से पूर्व भी अन्य जीव-जंन्तुओं का बसेरा था, आज भी है। पशुओं का मनुष्य जीवन में बहुत सहयोग भी है। हिंसक पशुओं को छोड़ दें, तो अधिकतर पशु, मनुष्य के काम ही आते हैं। बदले में उन्हें केवल करुणा चाहिए होती है, जो उन्हें मिलनी ही चाहिए। इन दिनों आवारा कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का चर्चा हो रहा है। बहुत से पशु प्रेमी उससे असहमति जता रहे हैं। जस्टिस जेबी पाडीर्वाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा था कि कुत्तों के काटने की घटनाओं ने बेहद गंभीर स्थिति पैदा कर दी है और उसने दिल्ली-एनसीआर में सभी आवारा कुत्तों को स्थायी रूप से शीघ्र अति शीघ्र आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। अदालत ने दिल्ली के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे छह से आठ सप्ताह के भीतर लगभग 5,000 कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाएं। पीठ ने चेतावनी भी दी थी कि यदि कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों को उठाने के काम में बाधा डालेगा, तो उसके विरुद्ध अदालत अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। मनुष्यों की, पशुओं के प्रति कठोरता अथवा क्रूरता कभी भी मनुष्य के हित में नहीं रही, लेकिन पशुओं की हिंसा से बचाव भी आवश्यक है। 1994 में गुजरात के सूरत नगर निगम आयुक्त ने शहर के सभी कुत्तों को मारने का आदेश दिया था। दो हफ्तों में सारे कुत्ते मारे गए। ठीक दो हफ्ते बाद दुनिया की सबसे घातक बीमारियों में से एक ब्यूबोनिक प्लेग का मामला सामने आया। शिकारी कुत्तों से बेखौफ चूहे जमीन पर आ गए और शहर भर में फैल गए। बहुत से लोग चूहों के काटने का शिकार हुए और प्लेग के मामले दर्ज हुए। निर्यात रुक गया और पर्यटन लंबे समय तक ठप हो गया। पशु प्रेमियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सड़कों से सभी कुत्तों को हटाने का आदेश गुस्से में दिया है। उन्होंने न तो मौजूदा कानूनों पर ध्यान दिया है और न ही इसके हानिकारक परिणाम पर विचार किया है। अगर दिल्ली या राजस्थान, तमिलनाडु जैसे अन्य राज्य इस आदेश को लागू करते हैं, तो उन्हें अपने बजट का आधे से ज्यादा हिस्सा शेल्टर बनाने में लगाना पड़ेगा, वैसे भी डॉग शेल्टर बार-बार अप्रभावी साबित हुए हैं। सभी जीव वहीं जाते हैं, जहां खाना मिलता है। शहरों में कुत्तों के खाने के स्रोत बहुत हैं। एक सच यह भी है कि 5,000 कुत्तों को हटाने से बस एक खाली जगह बनेगी, जिसे जल्दी ही बाहर से आए 5,000 नये कुत्ते भर देंगे। ये नये कुत्ते नसबंदी-रहित होंगे, इलाके से अनजान होंगे और इनके लोगों को काटने की आशंका ज्यादा होगी। 30 साल पहले हुई डबल्यूएचओ की स्टडी बताती है कि समय-समय पर नसबंदी ही इकलौता असरदार तरीका है। भारत की अदालतों ने बाद में इसे मंजूरी दी, लेकिन दशकों में न तो इस कार्यक्रम को मानकीकृत किया गया और न ही पर्याप्त फंड दिया गया। यह कार्यक्रम एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के तहत है। यह पशुपालन मंत्रालय में है, लेकिन इसके पास न के बराबर स्टाफ और कोई अलग बजट नहीं है। कुत्तों की नसबंदी केंद्रों के लिए फंड प्रत्येक राज्य के शहरी विकास मंत्रालय से आता है। यह मुख्य रूप से बड़े शहरों को दिया जाता है, जिससे नगरपालिकाओं को खुद ही संसाधन जुटाने पड़ते हैं। इस मामले में अकर्मणयता और भ्रष्टाचार भी सामने आता है। कुत्तों को पकड़कर एक जगह बंद कर देना कोई समाधान नहीं है। इसका सरल एवं सुगम समाधान कुत्तों की नसबंदी अथवा अन्य साधनों के माध्यम से उनकी जनसंख्या पर नियंत्रण करना है। हमारी संस्कृति के अनुसार यह सब दया के पात्र हैं। उनके पास अपने भोजन को संग्रह करने के लिए कोई स्थान नहीं है, न ही भोजन संग्रह करना पशुओं की वृत्ति है। कुत्ता घर-घर जाता है, सड़कों पर भटकता है। रोज का खाना रोज पाता है। ऐसे ही बंदर हैं। हम इन पर मूक प्राणियों पर किसी प्रकार का कोई अत्याचार नहीं कर सकते एक ही स्थान पर कई कुत्तों को बंद कर देने से उनके आपस में झगड़ने की संभावनाएं और अधिक हो जाती है। हमारे शास्त्रों में प्रत्येक प्रकार के जीव जंतुओं की सेवा किस-किस तरह से करनी चाहिए, इसका वर्णन भी है, ऐसे में देश की सरकार हो या कोई अन्य उच्च कुर्सी पर विराजमान व्यक्ति अकेले कोई ऐसा निर्णय नहीं ले सकता कि कई हजार कुत्तों को एक साथ रखा जाए, सनातन धर्म तो ऐसा धर्म है कि जिस गली से कुत्ते उठाएं जाएंगे, उस गाली के लोग ही यह दृश्य नहीं देख पाएंगे कि कोई कुत्ता अपनी करुणा भरी आवाज में रो रहा हो और वह उसे पकड़ता देख ले। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने कल इस मामले पर फिर सुनवाई की। इस बेंच में जस्टिस विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जोर देकर कहा कि कोई भी जानवरों से नफरत नहीं करता, लेकिन बच्चों की जान जा रही है। इस मुद्दे को हल करने की जरूरत है, न कि इसे विवाद का विषय बनाने की। तुषार मेहता ने यह भी कहा कि 'चिकन खाने वाले खुद को एनीमल लवर बता रहे हैं'। उन्होंने डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि हर साल रेबीज से करीब 305 मौतें होती हैं, जिनमें ज्यादातर 15 साल से कम उम्र के बच्चे होते हैं। विदेशों में भी कुत्तों से समस्या है, लेकिन इसका निदान ऐसे नहीं किया जाता। मगर निदान होना तो चाहिए।


कुत्तों से बच्चों को,लोगों को बचाना भी है और उनके प्रति कठोर भी नहीं होना है। नीदरलैंड में एक भी आवारा कुत्ता नहीं है। देश ने 1970 के दशक की शुरूआत में एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट पास किया, जिससे किसी भी मालिक द्वारा जानवर को नुकसान पहुंचाना गैर-कानूनी हो गया। आज, डच नागरिकों में 20 प्रतिशत से अधिक के पास कुत्ता है और 10 लाख से ज्यादा कुत्तों को सड़कों से हटा लिया गया है। हर दिन भारत भर में अनगिनत लोग पशुओं को आहार देते हैं। कई लोग अपनी मामूली बचत से बिस्कुट या ब्रेड आदि देकर इन भूखे जानवरों को खिलाते हैं। यही करुणा भारतीय संस्कृति का अंग है। पशुओं के प्रति करुणा को बढ़ावा देना चाहिए न कि कठोरता को, क्योंकि मनुष्य का स्वभाव ही करुणा है, क्रूरता मनुष्य का स्वभाव नहीं है।


## चार तीर

सुनील उत्सव

'फिक्र' 'लाभ' 'बीड़ी' 'गुटखा'

दूसरों की फिक्र क्या है सबको अपनी है पड़ी,
लाभ ही की सोचते हैं, हम भुला सकते नहीं।
गाड़ियों में बीड़ी पीना, गुटखा खा कर थूकना,
अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं।





# भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत बाइक-तिरंगा यात्रा का शाहपुर में भव्य स्वागत

**- भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह रहे मुख्य अतिथि -आयोजक पूर्व विधायक उमेश मलिक की मेहनत रंग लाई -शाहपुर में तिरंगा लिये बाइक सवारों का सैलाब उमड़ा**



**शाहपुर, 14 अगस्त (बु.)।** बुढ़ाना विधानसभा के सीमांत गांव काकड़ा से प्रारम्भ होकर बुढ़ाना तक जाने वाली बाइक तिरंगा यात्रा का शाहपुर पहुंचने पर मुख्य मार्ग शाहपुर-बुढ़ाना रोड पर जनता जनार्दन द्वारा पुष्पवर्षा कर अपना सम्मान प्रकट किया। इससे पूर्व शाहपुर के पीठ मैदान में यात्रा के मार्गदर्शक/संरक्षक मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह का बुढ़ाना विधान सभा के पांचों वर्तमान मंडल अध्यक्षों व पूर्व मंडल अध्यक्षों तथा क्षेत्र के गणमान्य बन्धुओं द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक उमेश मलिक के संयोजन में चल रही इस बाइक तिरंगा के साथ-साथ चल रहे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरूण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने सर्वप्रथम शाहपुर पहुंचते ही देश के पूर्व पीएम व किसान मसीहा चौ. चरण सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके पश्चात शाहपुर के पीठ मैदान में खचाखच भरे पंडाल में देवतुल्य कार्यकर्ता भाई-बहनों व क्षेत्र की विशाल जनता-जनार्दन के समूह को मुख्य अतिथि अरूण सिंह ने सम्बोधित किया। मुख्यतः उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को जोर देकर कहा कि अपने व्यक्तिगत हित व जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करें। यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी के सशक्त हाथों में आपके साथ-साथ 140 करोड़ देशवासियों का भविष्य उज्ज्वल और सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के सफल निर्देशन में प्रदेश की सत्ता का सुचारू रूप से संचालन कर रहे सीएम योगी आदित्यनाथ जनहितार्थ दिन-रात कड़ा परिश्रम कर रहे हैं। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भी पीठ मैदान में सभा को सम्बोधित किया। सैकड़ों बाइक के साथ पीठ मैदान से इस विशाल बाइक तिरंगा यात्रा ने बुढ़ाना के लिये प्रस्थान किया। यात्रा में मुख्यतः भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, क्षेत्रीय भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुखवेन्द्र सोम, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम पाल संगल भाई जी, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन रामनाथ ठाकुर, शाहपुर के पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य तथा बुढ़ाना विधानसभा के नवनियुक्त संयोजक एमएलसी चुनाव, डॉ. अरविन्द त्यागी, पांचों मंडल अध्यक्ष क्रमशः चौ. सहदेव सिंह, ठाकुर मोनू कुरथल, पवन वर्मा, तेल्लू कश्यप, डॉ. मुनीष त्यागी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूबी सैनी, पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, कपिल सैनी, जितेन्द्र बालियान, सौदीप सैनी, अजय गोयल, अरूण मित्तल, मणिकांत मित्तल, संजय सैनी, विशाल गर्ग, सूर्यकांत त्यागी, डॉ. कुलदीप त्यागी, निर्भय सहरावत, मौ. आजाद, उमेश गोयल, राहुल त्यागी, हरिओम त्यागी, ऋषिपाल कश्यप, जितेन्द्र धवन, भवंर पाल कश्यप, राधेश्याम नामदेव आदि सैकड़ों भाजपाई उपस्थित रहे।


व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल रजि. की ओर से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
































## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या- 3958, दिनांक 17.04.2010 में गलती से माता का नाम शालिनी व पिता का नाम शलभ अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम क्रमशः शालिनी कर्णवाल और शलभ कुमार कर्णवाल हैं और भविष्य में भी इन्हीं नामों से जाने जायेंगे। शुद्धिकरण हेतु आवेदन-पत्र सम्बंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शलभ कुमार कर्णवाल**
ग्राम व पोस्ट- वहलना, मुजफ्फरनगर
Mobile Number : 9927749826

# डीएम-एसएसपी ने जनता को दी त्यौहारों की शुभकामनाएं

**- जिले की जनता से आपसी सौहार्द्र एवं सहयोग की अपील**





**मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु.)।** जिले में आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के साथ ही शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए जाने की आलाधिकारियों ने लोगों से अपील की है। डीएम उमेश मिश्रा एवं एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने इसके लिए जहां जनपद के संभ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं के साथ में बैठक के माध्यम से सहयोग मांगा है। वहीं जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने के लिए सभी से पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने की अपील की। डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा ने जनपदवासियों को आगामी त्यौहारों स्वतंत्रता दिवस, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम की शुभकामनाएं देते हुए शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने आमजन के साथ जिले के संभ्रान्त व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से अपील की कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों व किसी भी आपराधिक आवंछित गतिविधियों दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। दोनों अधिकारियों ने जिले की जनता से आह्वान किया कि वें किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, अपितु अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जनपद में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने अपील की कि ऐसे में सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट शेयर न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों या किसी भी प्रकार की भड़काऊ/गलत, अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें जिससे आपसी सौहार्द्र खराब हो।


# युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत, सभी की अपनी अपनी थ्योरी

मुजफ्फरनगर, 14 अगस्त (बु)। मुजफ्फरनगर के जानकपुरी क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया है। यहाँ एक युवक अक्षय की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। दरअसल में युवक को जब जिला अस्पताल इमरजेंसी में लाया गया तो किसी का कहना था की उसने फंदा लगाया है तो किसी रिश्तेदार का कहना था कि उसको सांप ने काटा है और कोई इसे एक्सीडेंट केस बता रहा था।

जैसे ही उसे अस्पताल लाया गया डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब ऐसे में यह समझ नहीं आया कि आखिर अक्षय की मौत का कारण क्या है। हालांकि की उसी समय बुलेटिन संवाददता मौके पर मौजूद थे और उन्होंने लाश के पास खड़े लोगों को भी कहते सुना कि अक्षय ने फंदा लगाया है। डॉक्टर ने भी मोके पर यही बात कही। ऐसे में इतने लोगों के इतने बयान समझना मुश्किल था। हालांकि अभी तक पुलिस का भी यही कहना है कि मामला दर्ज नहीं हुआ है। अब सच्चाई कुछ भी हो पर मामला एक था और इतनी सारी थ्योरी होना अपने आप में एक हैरान करने वाली बात है।


GOLDEN PUBLIC SCHOOL
Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, New Delhi
GOLDEN PUBLIC SCHOOL
"Wishing you a meaningful Independence Day filled with reflection and pride. May we all remember the sacrifices that made our freedom possible and strive to carry forward their legacy by fostering a spirit of unity and compassion in our daily lives."
गोल्डन पब्लिक स्कूल परिवार
की ओर से आप सभी को
79वें
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Mr. Indrasen Bindal President
Mr. Anmol Lekhraj Dhingra Vice-President
Mr. Sushil Kumar Secretary
Ms. Ritika Bindal Deputy Secretary
Ms. Ritu Sharma Treasurer
Ms. Poonam Verma Principal
PACHENDA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Email: golden.publicmzn@gmail.com
Talk with us: 0131-2413427, +91 9997589620
Website: www.gpsmzn.in
goldenpublicschoolmuzaffarnagar


समस्त जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आधुनिक गैस सर्विस
अलमासपुर इण्डेन सेवा
अन्नपूर्णा इण्डेन गैस सर्विस
दीपक गैस सर्विस
नेशनल गैस सर्विस
रघु इण्डेन सेवा
सरवट इण्डेन सेवा
शिव गौरी इण्डेन सेवा
श्री प्रभु इण्डेन गैस सर्विस
स्वागत गैस सर्विस
विशाल भारत गैस
भारतगैस
इंडियनऑयल IndianOil
इण्डेन
SAFE. RELIABLE.CONVENIENT
दुर्घटनाओं से बचने के लिए कम्पनी का सुरक्षा होज पाइप (आईएसआई) ही प्रयोग करें।
गैस सिलेण्डर वैंडर से तौलकर ही खरीदें
गैस पाइप की खराबी पर खासतौर से ध्यान दें।


GD GOENKA SCHOOL
Muzaffarnagar
Thrive. For Life.
HAPPY
79TH
Independence
DAY
15H AUGUST
www.gdgoenkamuzaffarnagar.com


15TH AUGUST
INDEPENDENCE DAY
आपसे मिले प्यार और विश्वास के साथ
हमने बढ़ाया एक और कदम ...
अब NH-58, मेरठ रोड पर भी
सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
GRAND RADIANT INN
GRAND RADIANT INN
ROOMS | BANQUET | RESTAURANT
NH-58, NEAR MAHINDRA MOTORS, MUZAFFARNAGAR (U.P.)
HOTEL RADIANT INN,
Bhopa Road, Opp. Grand Plaza Mall, Muzaffarnagar